ज्ञानदीप

(त्रैमासिक सूचना पत्र)

भारतीय रेल सिविल इंजीनियरी संस्थान, पुणे – 411 001

आई. एस. ओ. : 9001-2000 प्रमाणित भारतीय रेल का

प्रथम प्रशिक्षण संस्थान

संस्थान – डी ओ टी (020) 26122271, 26123436, 26123680, 26111554 रेलवे - 55222, 55860, 55862

छात्रावास – डी ओ टी(020) 26130579, 26126816, 26121669 रेलवे - 55980, 55981, 55976

फैक्स : 020-26128677

ई–मेल : mail@iricen.gov.in

टेलीग्राम : रेलपथ

वेब साइट : www.iricen.gov.in

वर्ष – 10 **अंक – 39** **जुलाई–सितंबर 2006**

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन TO BEAM AS A BEACON OF KNOWLEDGE

इस अंक में

1. रेलपथ सेमिनार
2. प्रबंध निदेशक, डीएमआरसी का इरिसेन दौरा
3. महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेल का इरिसेन दौरा
4. महाप्रबंधक, मध्य रेल का इरिसेन दौरा
5. प्रशिक्षण प्रबंधकों की बैठक एवं मुख्य सामान्य इंजीनियरों का सेमिनार
6. राजभाषा सप्ताह 2006
7. स्वतंत्रता दिवस समारोह
8. विशेष उपलब्धि
9. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 92 वी बैठक
10. संस्थान में हिंदी कार्यशाला का आयोजन
11. विशेष पाठ्यक्रम
12. स्वागत
13. विदाई
14. बधाई / शुभकामनाएं
15. शब्द ज्ञान
16. क्या आप जानते हैं ?
17. सृजन

1 रेलपथ सेमिनार

संस्थान में दिनांक 25 सितंबर 06 से 27 सितंबर 06 तक रेलपथ सेमिनार का आयोजन किया गया । इस सेमिनार में श्री राकेश चोपड़ा, अपर सदस्य(सि.इंजी.) रेलवे बोर्ड की अध्ययता में कार्यकारी निदेशकों, मुख्य रेलपथ इंजीनियरों तथा मुख्य रेलपथ इंजीनियर (मशीन) की उपस्थिति में विभिन्न मदों पर चर्चा की गई । निदेशक इरिसेन, मुख्य रेलपथ. इंजी/म.रे. तथा मुख्य रेलपथ. इंजी./उ.रे. द्वारा प्रस्तुतीकरण दिए गए। मेसर्स डीएसएम इंजीनियरिंग प्लास्टिक्स, मेसर्स वीएई वीकेएन इंडस्ट्रीज, मेसर्स वीईसी इंडिया, मेसर्स प्लाजर इंडिया तथा मेसर्स टाटा कंसल्टेंसी ने भी अपने प्रस्तुतीकरण दिए। मेसर्स थर्मिट इंडिया लि. से भी विचार-विमर्श किया गया।



मुख्य रेलपथ इंजीनियरां के सेमिनार का दृश्य

2 प्रबंध निदेशक, डीएमआरसी का इरिसेन दौरा

पद्मश्री डॉ. ई. श्रीधरन, प्रबंध निदेशक, डीएमआरसी ने दिनांक 24 जुलाई 06 को इरिसेन का दौरा किया। उन्होंने संकाय सदस्यों से मुलाकात की एवं संस्थान का निरीक्षण किया तथा इरिसेन में किए गए सुधारों की प्रशंसा की। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों एवं संकाय सदस्यों को संबोधित भी किया। विभिन्न क्षेत्रों में खासकर कंप्यूटर के क्षेत्र में सुधारों से वे बहुत प्रभावित हुए जैसा कि अतिथि पुस्तिका में उनकी टिप्पणी से परिलक्षित होता है :-

"इरिसेन में आना प्रायः मेरे लिए घर आने जैसा है। इसकी प्रगति से मैं सचमुच प्रभावित हुआ हूँ, संस्थान ने विभिन्न क्षेत्रों विशेषकर कंप्यूटर के क्षेत्र में बहुमूल्य प्रशिक्षण प्रदान किया है। वास्तव में यह उत्कृष्टता का केंद्र हो गया है। निदेशक एवं संकाय सदस्यों को मेरी हार्दिक बधाई।"



डॉ. ई. श्रीधरन, प्रबंध निदेशक, डीएमआरसी संबोधित करते हुए

संरक्षक
शिवकुमार
निदेशक
भा.रे.सि.इं.सं.पुणे

मुख्य संपादक
घनश्याम बंसल
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं प्राध्यापक - पुल

संपादक
अरूणाभा ठाकुर
राजभाषा अधीक्षक

सहयोग
अरूण चांदोलीकर
सह प्राध्यापक
अशोक पोलके रा.भा.स.I / आर.जे.पाल.रा.भा.स. II

3 महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेल का इरिसेन दौरा

श्री डी.एन.माथुर, म.प्र./द.म. रेल ने दिनांक 04 अगस्त 06 को वर्ष 2004 परीक्षा बैच के परिवीक्षार्थियों के दूसरे चरण की प्रशिक्षण समाप्ति पर समापन भाषण दिया। उन्होंने 2004 परीक्षा बैच के प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाले अधिकारी को 1000/- रु. तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करनेवाले अधिकारी को 750/- रु. का नगद पुरस्कार दिया तथा अन्य परिवीक्षार्थियों को इरिसेन द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का सेट पुरस्कार स्वरुप दिया। वे संस्थान में किए गए सुधारों एवं इंफ्रास्ट्रक्चर से अत्यंत प्रभावित हुए। उन्हांने इरिसेन के संकाय एवं कर्मचारियों के लिए 25,000/- रु. के सामूहिक पुरस्कार की भी घोषणा की।



श्री डी.एन.माथुर, म.प्र./द.म. रेल, प्रशिक्षु अधिकारी को पुरस्कार प्रदान करते हुए

4 महाप्रबंधक, मध्य रेल का इरिसेन दौरा

पुणे मंडल के अपने निरीक्षण के अंतर्गत दिनांक 30 अगस्त 06 को श्री वी.के.कौल, म.प्र./म.रेल ने इरिसेन का संक्षिप्त दौरा किया। इरिसेन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की गई प्रगति से वे बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने मध्य रेल के निर्माण संगठन द्वारा बनाए जा रहे खेल संकुल के कार्य का भी निरीक्षण किया जिसके दौरान निर्माण शाखा ने दिनांक 31 दिसंबर 2006 तक इस कार्य को पूरा करने की अपनी प्रतिबध्दता जताई।



संस्थान के निदेशक श्री शिव कुमार म.प्र/म.रेल श्री वी.के.कौल को इरिसेन वेबसाइट की जानकारी देते हुए

5 प्रशिक्षण प्रबंधकों की बैठक एवं मुख्य सामान्य इंजीनियरों का सेमिनार

इरिसेन में दिनांक 27 जुलाई 06 से 28 जुलाई 06 तक प्रशिक्षण प्रबंधकों की बैठक एवं मुख्य सामान्य इंजीनियरों का सेमिनार आयोजित किया गया। बैठक के दौरान समूह 'क' एवं 'ख' अधिकारियों के प्रशिक्षण तथा समूह 'ग' एवं 'घ' के कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए मॉड्युल पर चर्चा की गई। प्रस्तुतीकरण भी आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने सेमिनार की बहुत प्रशंसा की।



मुख्य सामान्य इंजीनियरों के सेमिनार का दृश्य

6 राजभाषा सप्ताह 2006

संस्थान में दिनांक 12 सितंबर से 14 सितंबर 06 तक राजभाषा सप्ताह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थान के निदेशक श्री शिव कुमार ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर राजभाषा सप्ताह समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। सहायक कार्यकारी इंजीनियर श्री एन.आर.काले ने सरस्वती वंदना की। तदुपरांत मध्य रेल, माटुंगा कारखाना, सांस्कृतिक अकादमी के कलाकारों द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया।

राजभाषा सप्ताह के दूसरे दिन प्रश्न मंच कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संस्थान के संकाय, प्रशिक्षु अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरे जोश के साथ इसमें हिस्सा लिया। दिनांक 14 सितंबर 06 को हिंदी दिवस एवं राजभाषा सप्ताह समापन समारोह के अवसर पर संस्थान के निदेशक श्री शिव कुमार ने अपने संबोधन में संस्थान में हिंदी के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की। उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक/पुल श्री घनश्याम बंसल ने संस्थान में राजभाषा के प्रयोग प्रसार पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर पुणे मंडल सांस्कृतिक अकादमी के कलाकारों द्वारा



राजभाषा सप्ताह समारोह के उद्घाटन का एक दृश्य

कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अंत में हिंदी को अधिकाधिक प्रयोग करनेवाले अधिकारी तथा कर्मचारियों एवं हिंदी निबंध, वाक्, टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरुप पुरस्कार प्रदान किया गया।

7 स्वतंत्रता दिवस समारोह


संस्थान ने 15 अगस्त 06 को स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। संकाय अध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया और उपस्थित समुदाय को संबोधित किया। तद्पश्चात प्रशिक्षु अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ऑडिटोरियम में देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

8 विशेष उपलब्धि

- इरिसेन में पहली बार 'कैलेंडर हैमिल्टन गर्डर के उपयोग से पुलों का पुनःस्थापन' विषय पर हिंदी में एक तकनीकी फिल्म बनाई गई, जिसका विमोचन निदेशक के कर कमलों द्वारा दिनांक 21 जुलाई 06 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के दौरान किया गया।
- 'इंस्पेक्शन एंड मेंटेनेन्स ऑफ स्टील गर्डर्स' पर एक तकनीकी मोनोग्राम प्रकाशित किया गया।
- अधिकारियों के ऑन-लाईन टेस्टिंग के लिए एक नया सॉफ्टवेयर लगाया गया है जिसमें कई नई विशेषताएं है जैसे कि विभिन्न टर्मिनलों पर प्रश्नों का अलग अलग क्रम में आना, कई प्रकार के प्रश्नों को शामिल करने का विकल्प जैसे विवरणात्मक, रिक्त स्थानों की पूर्ति, ग्राफिकल इत्यादि एवं उन्नत सुरक्षा प्रणाली।
- इरिसेन में ऑन-लाइन लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम उन्नत किया गया है जिसके द्वारा ग्रंथालय में उपलब्ध पुस्तक किस अलमारी में है, इस सुविधा द्वारा इसकी जानकारी हासिल की जा सकती है।
- इरिसेन वेबसाइट में ऑन लाईन चैटिंग की व्यवस्था की गई है। जिसमें दो यूजर ऑन लाईन एक-दूसरे से चैटिंग कर सकते हैं।

9 राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 92 वीं बैठक

दिनांक 21 जुलाई 06 को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 92 वी बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें जून 06 को समाप्त तिमाही की हिंदी प्रगति की समीक्षा की गई। इस बैठक में प्रथम तकनीकी हिंदी फिल्म का विमोचन निदेशक द्वारा किया गया। निदेशक ने संकाय सदस्यों से हिंदी में तकनीकी पुस्तकों के लेखन का अनुरोध भी किया। मध्य रेल महाप्रबंधक कार्यालय के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री धीरंद्र कुमार झा ने बैठक मं गृह मंत्रालय के वार्षिक कार्यक्रम की विस्तृत चचा की एवं हिंदी मं तकनीकी फिल्म के निर्माण पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।



निदेशक द्वारा तकनीकी हिंदी फिल्म का विमोचन

10 संस्थान में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

संस्थान में दिनांक 28 अगस्त 06 से 1 सितंबर 06 तक पांच दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सात कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में पुणे विद्यापीठ के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं उच्च उर्जा सामग्री परीक्षण प्रयोगशाला से हिंदी अधिकारी को तकनीकी विषयों का हिंदी में अनुवाद विषय पर व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया। इसके अलावा कंप्यूटर पर हिंदी का अनुप्रयोग विषय पर भी दो दिन का व्याख्यान एवं अभ्यास कार्यक्रम रखा गया। राजभाषा नीति एवं कार्यान्वयन विषय पर व्याख्यान देने के लिए मध्य रेल के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी को भी आमंत्रित किया गया। कार्यशाला के सफल आयोजन पर प्रतिभागियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

11 विशेष पाठ्यक्रम

- दि. 26 जून 06 से 07 जुलाई 06 तक (2 सप्ताह) प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण (पुल एवं कार्य मॉड्युल) पर विशेष पाठ्यक्रम।
- दि. 24 जुलाई 06 से 25 जुलाई 06 तक (2 दिन) रेशनल फॉर्मूला द्वारा गैंग स्ट्रैंथ कैलकुलेशन पर विशेष पाठ्यक्रम।
- दि. 26 जुलाई 06 से 28 जुलाई 06 तक (3 दिन) रेल एवं वेल्ड के यूएसएफडी परीक्षण पर विशेष पाठ्यक्रम।
- दि. 21 अगस्त 06 से 25 अगस्त 06 तक (1 सप्ताह) पुल तकनीक में उन्नतियों पर विशेष पाठ्यक्रम।
- दि. 28 अगस्त 06 से 01 सितंबर 06 तक (1 सप्ताह) जागरुकता पर विशेष पाठ्यक्रम।
- दि. 30 अगस्त 06 से 01 अगस्त 06 तक(3 दिन) एल डब्ल्यू आर की डिस्ट्रेसिंग पर विशेष पाठ्यक्रम।
- दि. 04 सितंबर 06 से 22 सितंबर 06 तक अभिकल्प सहायकों के लिए पुल अभिकल्प पर विशेष पाठ्यक्रम।

12 स्वागत



- भा.रे. इंजी. से. के 1986 बैच के अधिकारी, श्री राजेश कुमार ने जुलाई माह में संस्थान में प्राध्यापक रेलपथ-1 का पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके पूर्व आप पश्चिम मध्य रेल/ जबलपुर में उप मुख्य इंजी. पुल के पद पर कार्यरत थे। आपने 1986 में रुड़की विश्वविद्यालय से ऑनर्स के साथ बी.ई.(सिविल) एवं आई आई टी दिल्ली से एम.टेक. की उपाधि प्राप्त की है।

आपको ओपेन लाईन क्षेत्र में कार्य का विस्तृत अनुभव है। रेलपथ मशीन, रेल अनुरक्षण एवं टी-28 मशीन संचालन के लिए आपको महाप्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। एक माह में टी-28 मशीन द्वारा 26 टर्न आउट का उच्चतम निष्पादन किया जो भारतीय रेलवे का एक रिकार्ड है। आपने वेल्डिंग प्लांट के 35 वर्षों का इतिहास में फ्लैश बट वेल्ड की वार्षिक प्रगति में एक विशिष्ट कीर्तिमान स्थापित किया है। संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है।



भारतीय रेल इंजीनियरी सेवा के 1990 बैच के अधिकारी प्राध्यापक/पुल श्री घनश्याम बंसल ने दिनांक 1 सितंबर 06 से संस्थान के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी का पद भार ग्रहण कर लिया है। संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है।

13 विदाई



भा.रे.इंजी.से. के 1989 बैच के अधिकारी, श्री अभय कुमार गुप्ता जो संस्थान में प्राध्यापक/रेलपथ-1 के पद पर तैनात थे, का स्थानांतरण उत्तर मध्य रेल में उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण), कानपुर के पद पर हुआ है। दिनांक 24 जुलाई 06 को उन्हें भार मुक्त कर दिया गया। संस्थान उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

14 बधाई / शुभकामनाएं

अधिकारियों को जन्म दिवस पर हार्दिक बधाई

17 अक्तूबर - श्री एन.आर.काले, सहायक कार्यकारी इंजीनियर-1
15 दिसंबर - श्री आर. के. वर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापक / रेलपथ

अधिकारियों को विवाह वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई

1 दिसंबर - श्री राजेश कुमार, प्राध्यापक/रेलपथ
8 दिसंबर - श्री आर. के. वर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापक/रेलपथ
12 दिसंबर - श्री आर. के. यादव, प्राध्यापक/रेलपथ-2

कर्मचारियों को जन्म दिवस पर हार्दिक बधा ई

01 अक्तूबर - श्री जे. एम. पटेकरी, मुख्य तकनीकी सहायक, श्री पी. विजयन, रसोइया
04 अक्तूबर - श्री कृष्ण बहादुर, रसोइया
06 अक्तूबर - श्री शंकर थोरात, वरि. खलासी
10 अक्तूबर - श्री विजय कुमारन वी. वैयक्तिक सहायक ग्रेड-2
12 अक्तूबर - श्री अनिल पदमने, तकनीशियन, श्री गौतम गुंडा खलासी
25 अक्तूबर - श्री प्रदीप तावडे, तकनीशियन
04 नवंबर - श्री अशोक द. सातपूते, मास्टर क्राप्ट्समैन
16 नवंबर - श्री शेखलाल मौला, दफ्तरी
27 नवंबर - श्री युवराज दामू. खलासी, हेल्पर
03 दिसंबर - श्री सिराज मोहम्मद, खलासी
08 दिसंबर - श्री लल्लन, कारपेंटर, ग्रेड-2
15 दिसंबर - श्री नामदेव वाघू, वरिष्ठ खलासी
20 दिसंबर - श्री हौसल्या प्रसाद, खलासी हेल्पर
23 दिसंबर - श्री कालीदास उमाजी, प्रयोगशाला परिचर

कर्मचारियों कोविवाह वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई

10 दिसंबर - श्रीमती विद्या जम्मा, प्रवर आशुलिपिक
13 दिसंबर - श्री शिवाजी तावडे, तकनीशियन-111

15 शब्द ज्ञान

Efficiency	दक्षता	Conversion	परिवर्तन
Competency	क्षमता	Variation	अंतर
Change	सामर्थ्य	Purpose	प्रयोजन
Capacity	अंतरण, स्थानांतरण	Objective	उद्देश्य
Transfer	परिवर्तन	Target	लक्ष्य

सौजन्य : उप मु.रा. अधि., मध्य रेल

16 क्या आप जानते हैं ?

तनाव से बचनेऔर निपटने के तरीके।

- प्रार्थना करें। प्रार्थना से मन शांत होता है।
- व्यायाम करें। शा रीरिक गतिविधि उदासी एवं व्यग्रता को कम करती है।
- समस्याओं को टालने का प्रयास करें अथवा उनका सामना करें। यथार्थ को स्वीकार करें।
- परेशानी की गंभीरता को मापें। क्या यह आपके लिए जीवन-मरण का प्रश्न है ? अगर नहीं तो इतनी चिंता क्यों ?
- प्रतिदिन कुछ समय अपने शौक के लिए रखें।
- हंसने-हंसाने का कोई मौका न चूकें। तनाव दूर करने का इससे बेहतर तरीका नहीं है।
- अगर किसी कारणवश परेशान हैं तो अपने प्रियजनों के साथ चर्चा करें। कुछ समय के लिए अपने नियमित कार्य से दूर हो जाएं। अवकाश ले लें अथवा स्थान परिवर्तन कर लें।
- अपने कार्य और व्यक्तिगत जीवन को व्यवस्थित करें। इससे तनाव के कुछ संभावित कारण अवश्य दूर हो जाएंगे।
- समय प्रबंधन पर ध्यान दें। दिन और सप्ताह के लिए योजना बना कर उस पर कार्य करें।
- जीवन में अनहोनी घटनाओं के लिए मानसिक, शारीरिक तथा आर्थिक तौर पर तैयार रहें।
- एकरसता से बचें। नए लोगों से मिलें। कुछ नया करें। कुछ नहीं तो अपने कार्यस्थल तथा घर में फर्नीचर की व्यवस्था ही समय समय पर बदलते रहें। वार्तालाप में धीरे बोलें। तेज बोलना तनाव की निशानी है।
- गाड़ी चलाते समय रफ्तार कम रखें। इससे आप की मांसपेशियों में तनाव कम रहेगा।
- भोजन में कार्बोहाइड्रेट्स की थोड़ी मात्रा अवश्य लें। इससे शरीर शांत होता है।

सौजन्य : अभय कुमार राय, प्राध्यापक, कार्य, इरिसेन, पुणे.

17 सृजन

यह है भा.रे.सि.इं.सं. (इरिसेन)

भा - भारतीय रेल की है यह शान
र - रखता है अपना शीर्ष स्थान
ती - तीसरी दुनिया के देशों में भी लोकप्रिय
य - यह है संस्थान का विश्वव्यापी सम्मान

रे - रेल सिविल इंजीनियरों की पाठशाला
ल - लक्ष्य है ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन

सि - सिखाता है सूचना प्रोद्योगिकी के पाठ
वि - विपुलता से देता है नवीनतम ज्ञान
ल - लगातार जारी है गुणवत्ता सहित प्रशिक्षण

इं - इंजीनियरी के विविध पहलुओं का अध्यापन
जी - जीवंत, सुभंडारित बनाया है ग्रंथालय
नि - निकलते है जिससे अद्यतन प्रकाशन।
य - यहां है सुव्यवस्थित, आरामदेह छात्रावास
री - रीतिबद्ध अनुशासन, सुस्वादु संतुलित भोजन

सं - संकाय सुसज्जित हें, अनुभव-संपन्न ज्ञान से
स्था - स्थापत्य-कला से अलंकृत है जिसका भवन
न - नमन है आइ एस ओ प्रमाणित ज्ञान-कुंज संस्थान को

विपिन पवार, रा. अधीक्षक., मं.रे.प्र. कार्या., पुणे.

हिंदी हमारे घर आंगन की भाषा है। हिंदी का प्रयोग हमारा सम्मान बढ़ाता है। -सरदार वल्लभभाई पटेल

घनश्याम बंसल, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक,पुल,भारतीय रेल सिविल इंजीनियरी संस्थान, पुणे-1.
द्वारा केवल सीमित निशुल्क वितरण हेतु प्रकाशित एवं मेसर्स शिवानी प्रिंटर्स, 101 चंद्रकांत चैम्बर्स, ढोले-पाटिल रोड, पुणे 411001.
फोन 26124581 द्वारा मुद्रित (3000 प्रतियां)